*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : KSDG-A-GIP**

क्रम संख्या

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

# A

# परीक्षण पुस्तिका

# 1000369 सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता तथा वृत्तिक कौशल

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट* | *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको **सर्वोत्तम** लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. ग़लत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं है।
11. इस परीक्षण पुस्तिका में **दो भाग** हैं। **भाग A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं। **भाग B वृत्तिक कौशल** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं। इन सभी **150** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

## भाग A
## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

1. दो ट्रेनें समांतर पटरी पर एक दूसरे की ओर आ रही हैं । उनकी लंबाई क्रमश: 700 m और 400 m है । पहली ट्रेन की गति 95 km/hr है और दूसरी ट्रेन की गति 125 km/hr है । एक दूसरे को पार करने में ट्रेनों को कितना समय लगेगा ?
   (a) 20 सेकंड
   (b) 18 सेकंड
   (c) 16 सेकंड
   (d) 14 सेकंड

2. एक तैराकी प्रतियोगिता में, खिलाड़ियों को 9 km धारा के प्रतिकूल तैरने के लिए और फिर वापस तैरकर आरंभ स्थल पर आने को कहा गया । प्रतियोगिता का विजेता इस कार्य को 1 घंटा और 30 मिनट में पूरा कर सकता है । यदि नदी जल की धारा की गति 8 km/hr है, तो विजेता की गति क्या होगी ?
   (a) 16 km/hr
   (b) 20 km/hr
   (c) 14 km/hr
   (d) 18 km/hr

3. एक तार वृत्त के आकार में है । उसे सीधा किया जाता है और पुन: आयत का आकार दिया जाता है जिसकी भुजाएँ 6 : 7 के अनुपात में हैं । यदि आयत का क्षेत्रफल 4200 sq. cm है, तो वृत्त की त्रिज्या लगभग कितनी होगी ?
   (a) 40 cm
   (b) 42 cm
   (c) 41 cm
   (d) 35 cm

4. एक पार्टी में, प्रत्येक व्यक्ति कम-से-कम एक पेय लेता है । पार्टी में तीन पेय हैं – चाय, कॉफी और दूध । प्रत्येक पेय का उपभोग 30 व्यक्तियों द्वारा किया जाता है । चाय लेने वाले पाँच व्यक्ति दूध भी लेते हैं । दूध लेने वाले दस व्यक्ति कॉफी भी लेते हैं । तथापि, ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो चाय और कॉफी दोनों लेता है । पार्टी में कितने व्यक्ति हैं ?
   (a) 90
   (b) 85
   (c) 80
   (d) 75

5. A, B और C अकेले एक कार्य को क्रमश: 20, 25 और 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं । A और B दोनों मिलकर उस कार्य को आरंभ करते हैं । तथापि, वे 10 दिन बाद उसे छोड़ देते हैं । कार्य के बाकी हिस्से को C अकेला पूरा करता है । कार्य को पूरा करने में C को कितने दिन लगे ?
   (a) 4 दिन
   (b) 3 दिन
   (c) 5 दिन
   (d) 6 दिन

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?
   (a) गोवा को 1987 में दमण और दीव संघ राज्य-क्षेत्र से पृथक कर एक राज्य के रूप में स्थापित किया गया था
   (b) मिज़ोरम पहले एक संघ राज्य-क्षेत्र था
   (c) राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 द्वारा कर्नाटक का गठन किया गया था
   (d) 1960 में बंबई राज्य को गुजरात और महाराष्ट्र में विभक्त किया गया था

7. निम्नलिखित में से किसने भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों का पद ***नहीं*** सँभाला है ?
   (a) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
   (b) ज़ाकिर हुसैन
   (c) के.आर. नारायणन
   (d) नीलम संजीव रेड्डी

8. भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार, भारत की निम्नलिखित में से किस अनुसूचित भाषा बोलने वालों का प्रतिशत सबसे अधिक है ?
   (a) बंगला
   (b) मराठी
   (c) तेलुगु
   (d) उर्दू

## PART A
## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

1. Two trains are approaching each other on parallel tracks. Their lengths are 700 m and 400 m, respectively. The speed of the first train is 95 km/hr and that of the second train is 125 km/hr. The time required by the trains to cross each other is :
   (a) 20 seconds
   (b) 18 seconds
   (c) 16 seconds
   (d) 14 seconds

2. In a swimming competition, the players were asked to swim 9 km upstream and then swim back to the point of starting. The winner of the competition could complete the task in 1 hour and 30 minutes. If the speed of the current of the river water was 8 km/hr, the speed of the winner is :
   (a) 16 km/hr
   (b) 20 km/hr
   (c) 14 km/hr
   (d) 18 km/hr

3. A wire is in the shape of a circle. It is straightened and reshaped into a rectangle whose sides are in the ratio 6 : 7. If the area of the rectangle is 4200 sq. cm, the radius of circle is, approximately :
   (a) 40 cm
   (b) 42 cm
   (c) 41 cm
   (d) 35 cm

4. In a party, each person takes at least one beverage. There are three beverages in the party – tea, coffee and milk. Each beverage is consumed by 30 persons. Five persons, who take tea, also take milk. Ten persons, who take milk, also take coffee. However, no person takes tea and coffee both. How many persons are there in the party ?
   (a) 90
   (b) 85
   (c) 80
   (d) 75

5. A, B and C alone can finish a job in 20, 25 and 30 days, respectively. A and B together start doing the job. However, they leave it after 10 days. The remaining part of the job is finished by C alone. How many days did C take to finish the job ?
   (a) 4 days
   (b) 3 days
   (c) 5 days
   (d) 6 days

6. Which one of the following statements is ***not*** correct ?
   (a) Goa was established as a State by separating it from Union Territory of Daman and Diu in 1987
   (b) Mizoram was earlier a Union Territory
   (c) Karnataka was created by the States Reorganisation Act, 1956
   (d) The State of Bombay was bifurcated into Gujarat and Maharashtra in 1960

7. Who amongst the following has ***not*** occupied the office of both President and Vice President of India ?
   (a) Sarvepalli Radhakrishnan
   (b) Zakir Hussain
   (c) K.R. Narayanan
   (d) Neelam Sanjiva Reddy

8. As per the Census of India 2011, which one among the following Scheduled Languages of India has the highest percentage of speakers ?
   (a) Bengali
   (b) Marathi
   (c) Telugu
   (d) Urdu

9. भारत में पंचायती राज संस्थाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) प्रत्येक स्तर पर पंचायतों में अध्यक्षों के पदों की कुल संख्या के कम-से-कम एक-तिहाई पद स्त्रियों के लिए आरक्षित हैं

(b) स्थानीय निकायों के सभी तीनों स्तरों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान है

(c) यदि आवश्यक हो, तो राज्य अन्य पिछड़ा वर्गों (OBCs) के लिए आरक्षणों का प्रावधान कर सकते हैं

(d) पंचायत निर्वाचन करवाने के लिए, भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल के परामर्श से राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया जाता है

10. भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. अनुच्छेद 14 केवल तब लागू होगा जब बिना किसी तर्कसंगत आधार के समान और सदृश परिस्थितियों वालों के साथ द्वेषपूर्ण विभेद किया जाता है

2. अनुच्छेद 14 भारत के राज्य-क्षेत्र में विधि के समक्ष समता या विधियों के समान संरक्षण की गारंटी प्रदान करता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

11. प्रथम अखिल भारतीय जनगणना किस वर्ष की गई थी और किस वर्ष से दशवर्षीय जनगणना एक नियमित विशेषता बन गई ?

(a) क्रमशः 1861 और 1881

(b) क्रमशः 1776 और 1801

(c) क्रमशः 1872 और 1881

(d) क्रमशः 1881 और 1891

12. *दामिन-इ-कोह* भारत की निम्नलिखित में से किस जनजाति से मूल रूप से संबद्ध है ?

(a) लुशाई

(b) खासी

(c) टोडा

(d) संथाल

13. मध्ययुगीन भारत में ग्राम पंचायत के मुखिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) मुखिया का पद हमेशा वंशानुगत होता था

(b) मुखिया का प्रमुख कार्य ग्राम लेखा (village accounts) की तैयारी का पर्यवेक्षण करना था

(c) जाति प्रथा की समुचित कार्य-प्रणाली को सुनिश्चित करना मुखिया के कर्तव्यों में से एक था

(d) पूर्वी भारत में, सभी विवाह मुखिया की उपस्थिति में संपन्न कराए जाते थे

14. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, आरंभिक हड़प्पा संस्कृतियों और विकसित हड़प्पा सभ्यता के मध्य के क्रम-भंग को ***नहीं*** दर्शाता है/दर्शाते हैं ?

1. कुछ स्थलों पर बड़े पैमाने पर जलाया जाना

2. कुछ बस्तियों का परित्याग

3. हकरा नदी के मार्ग में परिवर्तन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

15. भारतीय इतिहास में तोसलि (तोशाली), निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(a) बौद्ध उपालि का जैन भाई

(b) मौर्य साम्राज्य का एक प्रांतीय केंद्र

(c) महापद्म नंद की पत्नी

(d) आंध्र प्रदेश की एक पवित्र नदी

9. Which one of the following statements about Panchayati Raj Institutions in India is ***not*** correct ?

(a) Not less than one-third of the total number of the offices of Chairpersons in the Panchayats at each level are reserved for women

(b) Reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes are provided for at all the three levels of local bodies

(c) States can provide for reservations for the Other Backward Classes (OBCs), if needed

(d) State Election Commissioner is appointed by the President of India on the advice of the Governor to conduct Panchayat elections

10. Which of the following statements in terms of Article 14 of the Constitution of India is/are correct ?

1. Article 14 would apply only when invidious discrimination is meted out to equals and similarly circumstanced without any rational basis

2. Article 14 guarantees equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

11. In which year was the first All India Census attempted and from which year did the Decennial Census become a regular feature ?

(a) 1861 and 1881 respectively

(b) 1776 and 1801 respectively

(c) 1872 and 1881 respectively

(d) 1881 and 1891 respectively

12. *Damin-i-Koh* is essentially associated with which of the following tribes of India ?

(a) Lushai

(b) Khasi

(c) Toda

(d) Santhal

13. Which one of the following statements about the headman of the village panchayat in medieval India is ***not*** true ?

(a) The office of the headman was always hereditary

(b) The chief function of the headman was to supervise the preparation of village accounts

(c) One of the duties of the headman was to ensure the proper working of the caste system

(d) In eastern India, all marriages were held in the presence of the headman

14. Which of the following do/does ***not*** represent a break between the Early Harappan cultures and the Mature Harappan civilization ?

1. Large-scale burning at some sites

2. Abandonment of certain settlements

3. A shift in the course of the Hakra river

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 only

15. Tosali is known in Indian History as the name of :

(a) the Jain brother of the Buddhist Upali.

(b) a provincial centre in Mauryan Empire.

(c) wife of Mahapadma Nanda.

(d) a sacred river in Andhra Pradesh.

16. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य गंगा बेसिन का भाग है ?

(a) हिमाचल प्रदेश

(b) सिक्किम

(c) असम

(d) ओडिशा

17. जनवरी 2020 को 'दादरा और नगर हवेली' तथा 'दमण और दीव' संघ राज्य-क्षेत्रों का विलय किया गया । निम्नलिखित में से किस नगर को विलीन संघ राज्य-क्षेत्र की राजधानी बनाया गया ?

(a) दादरा

(b) दीव

(c) दमण

(d) सिलवासा

18. विक्टोरिया झील के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह झील चार देशों में बँटी हुई है

2. इसका क्षेत्रफल 50,000 sq. km से अधिक है

3. यह अफ्रीकी रिफ्ट घाटी में स्थित है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2

(d) 1, 2 और 3

19. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर यूरोप में राइन नदी के किनारे स्थित ***नहीं*** है ?

(a) स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)

(b) रॉटरडैम (द नीदरलैंड)

(c) कोलोन (जर्मनी)

(d) वियना (ऑस्ट्रिया)

20. निम्नलिखित में से कौन-से नगर फारस की खाड़ी के किनारे स्थित ***नहीं*** हैं ?

1. दोहा

2. दुबई

3. जेद्दाह

4. यानबु

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3 और 4

21. निम्नलिखित में से कौन-सा, तारों के ऊर्जा का स्रोत है ?

(a) नाभिकीय विखंडन

(b) नाभिकीय संलयन

(c) रासायनिक अभिक्रिया

(d) प्रकाश-रासायनिक अभिक्रिया

22. वर्ष 2022 में भौतिकी (Physics) में नोबेल पुरस्कार किसके लिए प्रदान किया गया ?

(a) ब्रह्मांड का विकास (Evolution of Universe)

(b) क्वांटम एंटैंगलमेंट (Quantum Entanglement)

(c) ब्लैक होल (Black hole)

(d) लेसर भौतिकी (Laser Physics)

16. Which one of the following states is part of the Ganga Basin ?

(a) Himachal Pradesh

(b) Sikkim

(c) Assam

(d) Odisha

17. Union Territories of 'Dadra and Nagar Haveli' and 'Daman and Diu' were merged together in January 2020. Which one of the following cities was made capital of the merged Union Territory ?

(a) Dadra

(b) Diu

(c) Daman

(d) Silvassa

18. With reference to Lake Victoria, which of the following statements is/are correct ?

1. The lake is divided among four countries
2. Its area is more than 50,000 sq. km
3. It is situated in the African rift valley

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 only

(d) 1, 2 and 3

19. Which one of the following cities is ***not*** situated along river Rhine in Europe ?

(a) Strasbourg (France)

(b) Rotterdam (The Netherlands)

(c) Cologne (Germany)

(d) Vienna (Austria)

20. Which of the following cities are ***not*** situated along the Persian Gulf ?

1. Doha
2. Dubai
3. Jeddah
4. Yanbu

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 and 4 only

21. Which one of the following is the energy source of stars ?

(a) Nuclear fission

(b) Nuclear fusion

(c) Chemical reaction

(d) Photochemical reaction

22. The Nobel Prize in Physics in 2022 was awarded for :

(a) Evolution of Universe

(b) Quantum entanglement

(c) Black hole

(d) Laser Physics

23. भारतीय सर्वेक्षण, राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन किसके अधीन कार्य करता है ?

(a) शिक्षा मंत्रालय

(b) गृह मंत्रालय

(c) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

24. वर्ष 2022 के अनुसार, भारत में नाभिकीय शक्ति की अनुमानित स्थापित क्षमता निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) लगभग 45000 MW

(b) लगभग 23000 MW

(c) लगभग 7000 MW

(d) लगभग 2000 MW

25. 50 kg द्रव्यमान वाला कोई व्यक्ति एक लिफ्ट में खड़ा है । यदि लिफ्ट 1 $m/s^2$ के त्वरण के साथ ऊर्ध्व-दिशा में गति करती है, तो उस व्यक्ति का भार किसके निकटतम होगा ?

(a) 490 N

(b) 540 N

(c) 440 N

(d) 50 N

26. ध्वनि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) उच्च तारत्व ध्वनि में उच्च आवृत्ति होती है

(b) उच्च तारत्व ध्वनि में उच्च आयाम होता है

(c) उच्च तारत्व ध्वनि में उच्च चाल (speed) होती है

(d) उच्च तारत्व ध्वनि में निम्न आवृत्ति और उच्च आयाम होते हैं

27. एक आरोहक (climber) 130 m ऊँची किसी वस्तु के शीर्ष पर पहुँचना चाहता है । वह एक मिनट में एक मीटर चढ़ सकता है । तथापि, जैसे ही वह 5 मीटर चढ़ता है, वह एक मीटर नीचे की ओर फिसल जाता है । आरोहक कितने समय में शीर्ष पर पहुँचेगा ?

(a) 2 घंटे 10 मिनट

(b) 2 घंटे 45 मिनट

(c) 2 घंटे 42 मिनट

(d) 2 घंटे 40 मिनट

28. एक कार का पहिया 5000 घूर्णन में 44 km की दूरी तय करता है । पहिए की त्रिज्या कितनी है ?

(a) 14 cm

(b) 7 cm

(c) 28 cm

(d) 25 cm

29. संख्या $(347)^{192} \times (143)^{205}$ के इकाई स्थान (unit place) पर कौन-सा अंक है ?

(a) 9

(b) 1

(c) 7

(d) 3

30. वह लघुतम संख्या कौन-सी है, जिसे 9 से गुणा करने पर प्राप्त होने वाले गुणनफल के सभी स्थानों पर केवल अंक 5 होता है ?

(a) 95283955

(b) 61728395

(c) 12345675

(d) 59382716

23. Survey of India, the national survey and mapping organization, works under the :

(a) Ministry of Education

(b) Ministry of Home Affairs

(c) Ministry of Earth Sciences

(d) Ministry of Science and Technology

24. As of 2022, which one of the following is the estimated installed capacity of nuclear power in India ?

(a) About 45000 MW

(b) About 23000 MW

(c) About 7000 MW

(d) About 2000 MW

25. A person of mass 50 kg is standing in a lift. If the lift moves in upward direction with an acceleration of 1 $m/s^2$, then the weight of the person will be closest to :

(a) 490 N

(b) 540 N

(c) 440 N

(d) 50 N

26. Which one among the following statements regarding sound is correct ?

(a) High pitch sound has high frequency

(b) High pitch sound has high amplitude

(c) High pitch sound has high speed

(d) High pitch sound has low frequency and high amplitude

27. A climber tries to reach the top of an object which is 130 m high. He can climb one metre per minute. However, as soon as he completes 5 metres, he slips down by one metre. The climber will reach the top in :

(a) 2 hours 10 minutes

(b) 2 hours 45 minutes

(c) 2 hours 42 minutes

(d) 2 hours 40 minutes

28. The wheel of a car covers a distance of 44 km in 5000 revolutions. The radius of the wheel is :

(a) 14 cm

(b) 7 cm

(c) 28 cm

(d) 25 cm

29. The digit in the unit place of the number $(347)^{192} \times (143)^{205}$ is :

(a) 9

(b) 1

(c) 7

(d) 3

30. What is the smallest number, which when multiplied by 9 gives the product having the digit 5 only in all places ?

(a) 95283955

(b) 61728395

(c) 12345675

(d) 59382716

31. एक पिता की आयु, अपने पुत्र की आयु के 4 गुना से 2 वर्ष अधिक है। उनकी आयु अपनी पुत्री की आयु के 5 गुना से भी 2 वर्ष अधिक है। पिता, पुत्र और पुत्री की औसत आयु 20 वर्ष है। पुत्री की आयु कितनी है ?

(a) 6 वर्ष

(b) 12 वर्ष

(c) 10 वर्ष

(d) 8 वर्ष

32. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के संविधान के भाग-III में यथा-परिभाषित 'राज्य (the State)' शब्द का सर्वाधिक सटीक अर्थ है ?

(a) संघ सरकार, सभी राज्य सरकारें और भारत के राज्य-क्षेत्र के भीतर सभी स्थानीय प्राधिकारी

(b) भारत की संसद और राज्यों के विधान-मंडल (State Legislatures)

(c) संघ सरकार और भारत की संसद

(d) संघ सरकार, सभी राज्य सरकारें, भारत की संसद और सभी राज्य विधान-मंडल और भारत के राज्य-क्षेत्र के भीतर सभी स्थानीय या अन्य प्राधिकारी

33. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनीतिक दल भारत में प्रथम लोक सभा निर्वाचन में जीते गए स्थानों (seats) के मामले में द्वितीय स्थान पर रहा ?

(a) किसान मज़दूर प्रजा पार्टी

(b) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

(c) पीपल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट

(d) सोशलिस्ट पार्टी

34. निम्नलिखित में से किस राज्य में लोक सभा के दो से कम स्थान है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश

(b) गोवा

(c) मेघालय

(d) मिज़ोरम

35. भारत की संसद की लोक लेखा समिति के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह समिति वर्ष 1921 में अस्तित्व में आई थी

2. इसके गठन के समय, यह अध्यक्ष (Speaker) के नियंत्रणाधीन संसदीय समिति नहीं थी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

36. वन आच्छादित क्षेत्रफल की दृष्टि से, भारत में शीर्ष तीन राज्य कौन-से हैं ?

(a) मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़

(b) मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय

(c) अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा

(d) मध्य प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र

37. निम्नलिखित राजाओं में से किसका वर्णन एक शिलालेख में परमात्मा पुरुष के रूप में किया गया है, जो साधु (भले) की समृद्धि और असाधु (बुरे) के विनाश का कारण है ?

(a) गौतमीपुत्र शातकर्णी

(b) कनिष्क

(c) समुद्रगुप्त

(d) हर्षवर्धन

38. निम्नलिखित में से कौन-सा तमिल ग्रंथ, व्याकरण से संबंधित है ?

(a) *मणिमेकलई*

(b) *सिलप्पादिकारम*

(c) *तोल्काप्पियम*

(d) *पदिरुप्पत्तु*

39. निम्नलिखित में से किसने मध्य प्रदेश में साँची के प्राचीन स्थल के परिरक्षण और प्रलेखन के कार्य में योगदान ***नहीं*** दिया ?

(a) शाहजहाँ बेगम

(b) जॉन मार्शल

(c) सुल्तान जहाँ बेगम

(d) जे.एम. केनोयर

31. A father's age is 2 years more than 4 times the age of his son. His age is also 2 years more than 5 times the age of his daughter. The average age of the father, the son and the daughter is 20 years. What is the age of the daughter ?

(a) 6 years
(b) 12 years
(c) 10 years
(d) 8 years

32. Which one of the following is the most accurate meaning of the term 'the State', as defined in Part-III of the Constitution of India ?

(a) The Union Government, all State Governments and all local authorities within the territory of India
(b) The Parliament of India and State Legislatures
(c) The Union Government and the Parliament of India
(d) The Union Government, all State Governments, Parliament of India and all State Legislatures and all local or other authorities within the territory of India

33. Which one among the following political parties came second in terms of seats won in the first Lok Sabha election in India ?

(a) Kisan Mazdoor Praja Party
(b) Communist Party of India
(c) People's Democratic Front
(d) Socialist Party

34. Which one of the following States has less than two Lok Sabha seats ?

(a) Arunachal Pradesh
(b) Goa
(c) Meghalaya
(d) Mizoram

35. With respect to the Public Accounts Committee of the Parliament of India, which of the following statements is/are correct ?

1. The committee came into existence in the year 1921
2. It was not a Parliamentary Committee under the control of the Speaker at the time of its inception

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

36. In terms of area under forest cover, the top three states in India are :

(a) Madhya Pradesh, Arunachal Pradesh and Chhattisgarh
(b) Mizoram, Arunachal Pradesh and Meghalaya
(c) Arunachal Pradesh, Maharashtra and Odisha
(d) Madhya Pradesh, Odisha and Maharashtra

37. Who among the following kings is described in an inscription as the Supreme Being, the cause of the prosperity of the good and the destruction of the bad ?

(a) Gautamiputra Shatakarni
(b) Kanishka
(c) Samudragupta
(d) Harshavardhana

38. Which one of the following Tamil texts deals with grammar ?

(a) *Manimekalai*
(b) *Silappadikaram*
(c) *Tolkappiyam*
(d) *Padirruppattu*

39. Who among the following did ***not*** contribute to the preservation and documentation of the ancient site of Sanchi in Madhya Pradesh ?

(a) Shahjahan Begum
(b) John Marshall
(c) Sultan Jehan Begum
(d) J.M. Kenoyer

40. 'प्रीडेटर ड्रोनों' का विनिर्माण किसके द्वारा किया जा रहा है ?

(a) जनरल एटॉमिक्स
(b) द बोइंग कंपनी
(c) लॉकहीड मार्टिन कॉरपोरेशन
(d) प्रीसिज़नहॉक

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

यह कथित है कि यह नदी तब मृत हो गई थी, जब वर्ष 1950 में इसके मुहाने को बंद करके इसका मुक्त प्रवाह रोक दिया गया था । संपूर्ण नदी पाट को कचरे और ठोस और तरल अपशिष्ट फेंकने के स्थल (डंपिंग ग्राउंड) में बदल दिया गया था । राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने हाल ही में राज्य सरकार को इस प्रयोजन के लिए विनियुक्त निधि (डेडिकेटेड फंड) निर्धारित करके, इस मृत नदी को पुनर्जीवित करने का निदेश दिया है ।

इस नदी की पहचान कीजिए :

(a) वंशधारा नदी
(b) सुकापाइका नदी
(c) मूसी नदी
(d) उल्हास नदी

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जुलाई 2022 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक स्वच्छ, स्वास्थ्यकर, और संधारणीय पर्यावरण के अधिकार को मानव अधिकार के रूप में मान्यता देते हुए एक संकल्प को अंगीकार किया
2. भारत उन पाँच देशों में से एक था, जिन्होंने मूल रूप से इस संकल्प का प्रस्ताव रखा

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

43. खनिज सुरक्षा भागीदारी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों द्वारा स्थापित अति-महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखला को सुदृढ़ करने की पहल है ।
2. भारत इस पहल का भागीदार नहीं है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

44. नोबेल पुरस्कार विजेता जॉन गुडइनफ की हाल ही में 100 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई । उन्हें निम्नलिखित में से किसके लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था ?

(a) क्लोरप्रोमेज़ीन का आविष्कार
(b) मॉर्फीन का आविष्कार
(c) लिथियम-आयन बैटरी विकसित करना
(d) HIV प्रोटीएज़ इनहिबिटर विकसित करना

45. लक्षद्वीप के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह प्रवाल द्वीपों और रीफों से बना एक द्वीपसमूह है
2. यह क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा संघ राज्य-क्षेत्र है
3. लोगों का मुख्य व्यवसाय पर्यटन और संबद्ध गतिविधियाँ हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1

**40.** 'Predator Drones' are manufactured by :

(a) General Atomics

(b) The Boeing Company

(c) Lockheed Martin Corporation

(d) PrecisionHawk

**41.** Consider the following statements :

It was alleged that the river became dead after its mouth was closed restricting its free flow in 1950. The entire river bed was converted into a dumping ground for garbage and solid and liquid waste. The National Green Tribunal has recently directed the State Government to revive the dead river by earmarking dedicated fund for the purpose.

Identify the river :

(a) Vamsadhara river

(b) Sukapaika river

(c) Musi river

(d) Ulhas river

**42.** Consider the following statements :

1. In July 2022, the United Nations General Assembly adopted a Resolution recognizing the right to a clean, healthy, and sustainable environment as a human right
2. India was one of five countries, which had originally proposed the Resolution

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**43.** Which of the following statements is/are correct about Mineral Security Partnership ?

1. It is an initiative to bolster critical mineral supply chain, established by the United States of America and other countries.
2. India is not a partner of this initiative.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**44.** John Goodenough, a Nobel Prize winner, recently passed away at the age of 100. He was awarded the Nobel Prize for :

(a) Inventing Chlorpromazine

(b) Inventing Morphine

(c) Developing Lithium-ion battery

(d) Developing HIV protease inhibitors

**45.** With reference to Lakshadweep, which of the following statements is/are correct ?

1. It is an archipelago consisting of coral islands and reefs
2. It is the smallest Union Territory of India in terms of area
3. The main occupation of people is tourism and allied activities

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 only

46. निम्नलिखित में से कौन-से देश बाल्टिक सागर के तट पर स्थित ***नहीं*** हैं ?

(a) लातविया और पोलैंड

(b) लातविया और रूस

(c) स्वीडन और रूस

(d) स्वीडन और नॉर्वे

47. बल्खश झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

(a) क़ज़ाख़स्तान

(b) किर्गिज़स्तान

(c) रूस

(d) तुर्कमेनिस्तान

48. गैलापागोस द्वीप समूह के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. वे ज्वालामुखी सक्रियता के कारण बने हैं

2. वे दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र पेरू के भाग हैं

3. वे प्रशांत महासागर में स्थित हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

49. निम्नलिखित में से कौन-से कोयला-आधारित विद्युत संयंत्र उत्तर प्रदेश में स्थित हैं ?

1. दर्लिपाली

2. दादरी

3. सिंगरौली

4. विंध्याचल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 3 और 4

50. निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग भारी उद्योगों में स्नेहक (lubricant) के रूप में ***नहीं*** किया जाता है ?

(a) ग्राफीन (Graphene)

(b) टैल्क (Talc)

(c) काँच (Glass)

(d) बालू (Sand)

51. निम्नलिखित में से कौन-सा, विभिन्न तरंगों की तरंगदैर्घ्यों के लिए सही क्रम को निरूपित करता है ?

(a) FM रेडियो के लिए प्रयुक्त > AM रेडियो के लिए प्रयुक्त > सूक्ष्म तरंगें > अवरक्त > दृश्य प्रकाश

(b) AM रेडियो के लिए प्रयुक्त > FM रेडियो के लिए प्रयुक्त > सूक्ष्म तरंगें > अवरक्त > दृश्य प्रकाश

(c) सूक्ष्म तरंगें > AM रेडियो के लिए प्रयुक्त > FM रेडियो के लिए प्रयुक्त > अवरक्त > दृश्य प्रकाश

(d) AM रेडियो के लिए प्रयुक्त > FM रेडियो के लिए प्रयुक्त > अवरक्त > दृश्य प्रकाश > सूक्ष्म तरंगें

46. Which of the following countries are ***not*** situated along the coast of the Baltic Sea ?

(a) Latvia and Poland

(b) Latvia and Russia

(c) Sweden and Russia

(d) Sweden and Norway

47. Lake Balkhash is situated in which one of the following countries ?

(a) Kazakhstan

(b) Kyrgyzstan

(c) Russia

(d) Turkmenistan

48. With reference to the Galapagos Islands, which of the following statements is/are correct ?

1. They are formed due to volcanic activity
2. They are part of the South American nation, Peru
3. They are situated in the Pacific Ocean

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

49. Which of the following coal-based power plants are situated in Uttar Pradesh ?

1. Darlipali
2. Dadri
3. Singrauli
4. Vindhyachal

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 3 and 4 only

50. Which one of the following substances is ***not*** used as a lubricant in heavy industries ?

(a) Graphene

(b) Talc

(c) Glass

(d) Sand

51. Which one of the following represents the correct order for the wavelengths of different waves ?

(a) Used for FM radio > Used for AM radio > Microwaves > Infrared > Visible light

(b) Used for AM radio > Used for FM radio > Microwaves > Infrared > Visible light

(c) Microwaves > Used for AM radio > Used for FM radio > Infrared > Visible light

(d) Used for AM radio > Used for FM radio > Infrared > Visible light > Microwaves

52. ब्रह्मांड की उत्पत्ति के महाविस्फोट (बिग बैंग) सिद्धांत के अनुसार, ब्रह्मांड की अनुमानित आयु लगभग कितनी है ?

(a) 0·3 मिलियन वर्ष

(b) 4 – 6 बिलियन वर्ष

(c) 7 – 10 बिलियन वर्ष

(d) 13 – 18 बिलियन वर्ष

53. किसी पिंड का तापमान 240 K से घटकर 210 K हो जाता है । डिग्री फारेनहाइट में, तापमान में संगत परिवर्तन (चिह्न के बिना) किसके निकट होगा ?

(a) 54° F

(b) 30° F

(c) 17° F

(d) 44° F

54. भारत में निम्नलिखित में से किस सेक्टर में भौम-जल की सबसे अधिक खपत होती है ?

(a) उद्योग

(b) कृषि

(c) गृहस्थी (घरेलू)

(d) खनन

55. निम्नलिखित में से किसे 'विटामिन चिकित्सा का जनक' माना जाता है ?

(a) क्रिस्टियान आईकमान (Christiaan Eijkman)

(b) फ्रेडरिक हॉपकिंस (Frederick Hopkins)

(c) कासिमिर फंक (Casimir Funk)

(d) रॉबर्ट वुडवर्ड (Robert Woodward)

56. भारत में वनों के बाहर पेड़ (TOFI) कार्यक्रम यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) और भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई पंच-वर्षीय संयुक्त पहल है । इस कार्यक्रम में भारत के सात भागीदार राज्य कौन-से हैं ?

(a) असम, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़

(b) असम, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल

(c) आंध्र प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु, ओडिशा

(d) असम, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश

57. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI)-2023 के अनुसार सही ***नहीं*** है ?

(a) भारत ने CCPI-2023 में ऊपर 2 स्थानों की छलांग लगाई है ।

(b) भारत को CCPI-2023 में 8वें स्थान पर रखा गया है ।

(c) भारत, विश्व में जलवायु परिवर्तन पर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पाँच देशों में आ गया है ।

(d) इस सूचकांक में भारत को रैंक में नॉर्वे और यूनाइटेड किंगडम से नीचे रखा गया है ।

52. According to the Big Bang theory of the origin of the Universe, the age of the Universe is estimated at about :

(a) 0·3 million years

(b) 4 – 6 billion years

(c) 7 – 10 billion years

(d) 13 – 18 billion years

53. The temperature of a body decreases from 240 K to 210 K. The corresponding change (without sign) in the temperature in degree Fahrenheit is close to :

(a) 54° F

(b) 30° F

(c) 17° F

(d) 44° F

54. Which one among the following sectors in India consumes the maximum amount of groundwater ?

(a) Industry

(b) Agriculture

(c) Household

(d) Mining

55. Who among the following is considered as the 'Father of Vitamin therapy' ?

(a) Christiaan Eijkman

(b) Frederick Hopkins

(c) Casimir Funk

(d) Robert Woodward

56. Trees Outside Forests in India (TOFI) programme is a five-year joint initiative by the United States Agency for International Development (USAID) and the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India. Which are the seven participating states of India in this programme ?

(a) Assam, Bihar, Haryana, Rajasthan, Maharashtra, Uttar Pradesh and Chhattisgarh

(b) Assam, Bihar, Haryana, Rajasthan, Gujarat, Punjab and West Bengal

(c) Andhra Pradesh, Punjab, Rajasthan, Chhattisgarh, West Bengal and Tamil Nadu, Odisha

(d) Assam, Andhra Pradesh, Haryana, Odisha, Rajasthan, Tamil Nadu and Uttar Pradesh

57. Which of the following statements is ***not*** correct as per the Climate Change Performance Index (CCPI)-2023 ?

(a) India has jumped 2 spots higher in CCPI-2023.

(b) India is placed at the $8^{th}$ rank in CCPI-2023.

(c) India is amongst the top 5 best performing countries in the world on climate change.

(d) India is placed lower in rank in this index than Norway and United Kingdom.

58. UNDP के 'लैंगिक सामाजिक मानदंड सूचकांक' (जेंडर सोशल नॉर्म्स इंडेक्स) के चार आयाम हैं । इनमें निम्नलिखित में से कौन-सा एक आयाम ***नहीं*** है ?

(a) राजनीतिक

(b) शैक्षिक

(c) सांस्कृतिक

(d) शारीरिक

59. 'सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड' से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय बजट 2021-22 में इन बॉन्डों को जारी करने की घोषणा की गई थी

2. भारत सरकार ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड फ्रेमवर्क को अनुमोदित किया है

3. ये बॉन्ड हरित परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने हेतु जारी किए जाएँगे

4. ये बॉन्ड वित्तीय लिखत हैं, जिनसे होने वाली प्राप्तियाँ, पर्यावरणीय रूप से संधारणीय और जलवायु अनुकूल परियोजनाओं में निवेश के लिए हैं

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

60. निम्नलिखित शिखर सम्मेलन (समिट)/सम्मेलन (कॉन्फ्रेंस) में से कौन-सा, उसके आयोजन स्थल से सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) UN 2023 वॉटर कॉन्फ्रेंस : न्यूयार्क

(b) SDG समिट 2023 : वाशिंगटन, डीसी

(c) क्लाइमेट एंबीशन समिट 2023 : न्यूयार्क

(d) COP 28 : दुबई

61. 'A' और 'B' के पास जेब खर्च की राशि 3 : 4 के अनुपात में है । दिनभर के काम के बाद, 'A' ने ₹ 600 अर्जित किए, जबकि 'B' ने ₹ 500 अर्जित किए । तथापि, दिन में 'A' ने ₹ 150 व्यय किए और 'B' ने ₹ 100 व्यय किए । यदि दिन के अंत में, उनके पास समान धनराशि है, तो सुबह 'A' के पास कितनी जेब खर्च की राशि थी ?

(a) ₹ 150

(b) ₹ 200

(c) ₹ 250

(d) ₹ 100

62. एक व्यापारी का 20% माल वर्षा के कारण नष्ट हो गया । शेष सामान को 50% लाभ पर बेच दिया । व्यापारी ने कुल कितना लाभ अर्जित किया ?

(a) 10%

(b) 30%

(c) 20%

(d) 40%

63. एक व्यक्ति 2 वर्ष की अवधि के लिए 5% साधारण ब्याज पर ऋण लेता है । वह तत्काल इस धनराशि को 5% चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों के लिए ऋण पर दे देता है । यदि उसे ₹ 2,100 का लाभ होता है तो उसने कितनी धनराशि का ऋण लिया था ?

(a) ₹ 8,00,000

(b) ₹ 4,20,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) ₹ 8,40,000

64. निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वाधिक अभिक्रियाशील धातु है ?

(a) Na

(b) K

(c) Ca

(d) Mg

58. UNDP's 'Gender Social Norms Index' comprises four dimensions. Which of the following is ***not*** a dimension ?

(a) Political

(b) Educational

(c) Cultural

(d) Physical

59. Consider the following statements related to 'Sovereign Green Bonds' :

1. Union Budget 2021-22 announced the issue of these bonds
2. The Government of India has approved a Sovereign Green Bonds Framework
3. These bonds are meant to be issued for mobilizing resources for green projects
4. These bonds are financial instruments that generate proceeds for investment in environmentally sustainable and climate suitable projects

How many of the above statements are correct ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

60. Which one of the following Summits/Conferences is ***not*** correctly paired with the place of the summit/conference ?

(a) UN 2023 Water Conference : New York

(b) SDG Summit 2023 : Washington, DC

(c) Climate Ambition Summit 2023 : New York

(d) COP 28 : Dubai

61. 'A' and 'B' have pocket money in the ratio of 3 : 4. After the day's work, 'A' earned ₹ 600 while 'B' earned ₹ 500. However, 'A' spent ₹ 150 and 'B' spent ₹ 100 during the day. If they have equal amount of money at the end of the day, then the pocket money 'A' had in the morning is :

(a) ₹ 150

(b) ₹ 200

(c) ₹ 250

(d) ₹ 100

62. A businessman lost 20% of his goods due to rain. The remaining items were sold at a profit of 50%. The businessman earned an overall profit of :

(a) 10%

(b) 30%

(c) 20%

(d) 40%

63. A man takes a loan at 5% simple interest for a period of 2 years. He immediately gives this money on loan at 5% compound interest for 2 years. What is the amount of loan he has taken if he makes a profit of ₹ 2,100 ?

(a) ₹ 8,00,000

(b) ₹ 4,20,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) ₹ 8,40,000

64. Which one among the following is the most reactive metal ?

(a) Na

(b) K

(c) Ca

(d) Mg

65. निम्नलिखित जीवों के समूहों में से कौन-सा समूह, सही ढंग से एक खाद्य शृंखला बनाता है ?

(a) घास, बकरी, मनुष्य

(b) हाथी, बकरी, घास

(c) बाघ, साँप, घास

(d) कीट, मेंढक, घास

66. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, समवृत्ति अंग का सही उदाहरण प्रस्तुत करता है ?

(a) घोड़े के अग्रपाद और मनुष्य की भुजा

(b) मनुष्य के हाथ और पक्षियों के पंख

(c) पक्षियों के पंख और कीटों के पंख

(d) व्हेल के अरित्र (flipper) और मेंढक के अग्रपाद

67. निम्नलिखित में से किसने भारत के विभाजन पर बनी फिल्म 'सुबर्णरेखा' का निर्देशन किया था ?

(a) सत्यजीत रे

(b) मृणाल सेन

(c) बिमल रॉय

(d) ऋत्विक घटक

68. निम्नलिखित में से 'राजतरंगिणी' पुस्तक का रचयिता कौन है ?

(a) बिल्हण

(b) कल्हण

(c) बाणभट्ट

(d) भवभूति

69. X और Y के मध्य किसी खेल में, X को Y से हारने पर, प्रत्येक बार उसे ₹ 10 देने होंगे । यदि वह जीतता है, तो उसे Y से ₹ 50 मिलेंगे । यदि वे 15 बार खेलते हैं और X ₹ 450 अर्जित करता है, तो X कितनी बार जीता है ?

(a) 8

(b) 9

(c) 10

(d) 12

70. कोई व्यक्ति 'दो खरीदो, पाँच पाओ' स्कीम में 5 कमीज़ खरीदता है । उसे कितने प्रतिशत की छूट (discount) मिली ?

(a) 50%

(b) 60%

(c) 40%

(d) 45%

71. निम्नलिखित में से कौन, वर्ष 2022 में बुकर पुरस्कार के विजेता हैं ?

(a) डगलस स्टुअर्ट

(b) गीतांजलि श्री

(c) शेहान करुणातिलका

(d) अमिताव घोष

72. उस वाहन का नाम क्या है जिसे NASA ने अंततोगत्वा मनुष्यों को चंद्रमा तक ले जाने की योजना के एक भाग के रूप में, नवंबर 2022 में प्रक्षेपित किया ?

(a) SWOT

(b) आर्टेमिस

(c) इनसाइट लैंडर

(d) स्पेस एक्स (SpaceX)

65. Which one of the following groups of organisms correctly makes a food chain ?

(a) Grass, Goat, Human

(b) Elephant, Goat, Grass

(c) Tiger, Snake, Grass

(d) Insect, Frog, Grass

66. Which one of the following pairs correctly represents an example of analogous organs ?

(a) Forelimb of horse and human arm

(b) Human hands and wings of birds

(c) Wings of birds and wings of insects

(d) Flipper of whale and forelimb of frog

67. Who among the following directed the film 'Subarnarekha' made on the partition of India ?

(a) Satyajit Ray

(b) Mrinal Sen

(c) Bimal Roy

(d) Ritwik Ghatak

68. Who among the following is the author of the book 'Rajtarangini' ?

(a) Bilhana

(b) Kalhana

(c) Banabhatta

(d) Bhavabhuti

69. In a game between X and Y, X has to give ₹ 10 each time he loses to Y. If he wins, then he gets ₹ 50 from Y. If they play 15 times and X earns ₹ 450, how many times does X win ?

(a) 8

(b) 9

(c) 10

(d) 12

70. A man purchases 5 shirts in a 'buy two, get five' scheme. How much discount percentage did he get ?

(a) 50%

(b) 60%

(c) 40%

(d) 45%

71. Who among the following was the winner of the Booker Prize in the year 2022 ?

(a) Douglas Stuart

(b) Geetanjali Shree

(c) Shehan Karunatilaka

(d) Amitav Ghosh

72. What is the name of the vehicle which NASA launched in November 2022 as part of a plan to eventually carry humans to the Moon ?

(a) SWOT

(b) Artemis

(c) Insight Lander

(d) SpaceX

**73.** जून 2023 में, भारत सरकार ने न्यायालयों पर विद्यमान भार को कम करने के उद्देश्य से माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 में सुधारों की सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल का गठन किया है । निम्नलिखित में से कौन इस समिति का अध्यक्ष है ?

(a) पदधारी भारत का महान्यायवादी
(b) पदधारी विधि सचिव
(c) एक पूर्ववर्ती विधि सचिव
(d) एक सेवानिवृत्त भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

**74.** निम्नलिखित में से किस बल द्वारा भारत-भूटान सीमा की सुरक्षा की जाती है ?

(a) सीमा सुरक्षा बल (BSF)
(b) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)
(c) असम राइफल्स
(d) सशस्त्र सीमा बल (SSB)

**75.** सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (भारतीय नौसेना प्रशिक्षण संस्थान)* | *सूची II (आईएनएस)* |
|---|---|
| A. एंटी-सबमरीन वारफेयर स्कूल | 1. आईएनएस वेंदुरथी, कोच्चि |
| B. एनबीसीडी स्कूल | 2. आईएनएस कुंजलि, मुंबई |
| C. संगीत प्रशिक्षण स्कूल | 3. आईएनएस मांडोवी, गोवा |
| D. आवासाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षण स्कूल | 4. INS शिवाजी, लोनावला |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

## भाग B
## वृत्तिक कौशल

**76.** पाइथॉन (Python) क्या है ?

(a) उच्च-स्तर भाषा (High-level language)
(b) कोडांतरण भाषा (Assembly language)
(c) यंत्र भाषा (Machine language)
(d) आंकड़ा परिभाषा भाषा (Data definition language)

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी, जालक्रम सांस्थितिकी (network topology) ***नहीं*** है ?

(a) बस (Bus)
(b) तारक (Star)
(c) जालाक्षि (Mesh)
(d) सम-स्तर (Peer-to-Peer)

**78.** दो के पूरक फॉर्म (two's complement form) में – 8 और – 2 का द्विआधारी योग (binary addition) का परिणाम क्या है ?

(a) 10110
(b) 0110
(c) 1110
(d) 0111

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सी, निर्देशन-युक्ति (Pointing device) ***नहीं*** है ?

(a) टचस्क्रीन (Touchscreen)
(b) ट्रैकबॉल (Trackball)
(c) प्रकाश लेखनी (Light pen)
(d) क्रमवीक्षक (Scanner)

**80.** रजिस्टरों (Registers) में किस प्रकार (टाइप) के द्विमानित्र (flip flop) का प्रयोग किया जाता है ?

(a) D प्रकार (टाइप)
(b) SR
(c) T प्रकार (टाइप)
(d) JK

73. In June 2023, the Government of India set up an expert panel to recommend reforms in the Arbitration and Conciliation Act, 1996 with an aim to reduce the burden on courts. The Committee is headed by who among the following ?

(a) The incumbent Attorney General of India

(b) The incumbent Law Secretary

(c) A former Law Secretary

(d) A retired Chief Justice of India

74. Indo-Bhutan Border is guarded by which one among the following forces ?

(a) Border Security Force (BSF)

(b) Indo-Tibetan Border Police (ITBP)

(c) Assam Rifles

(d) Sashastra Seema Bal (SSB)

75. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List I* *(Indian Navy Training Institute)* | | *List II* *(INS)* |
|---|---|---|---|
| A. | Anti-Submarine Warfare School | 1. | INS Venduruthy, Kochi |
| B. | NBCD School | 2. | INS Kunjali, Mumbai |
| C. | Music Training School | 3. | INS Mandovi, Goa |
| D | Provost and Physical Training School | 4. | INS Shivaji, Lonavala |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

## PART B
## PROFESSIONAL SKILL

76. Python is a :

(a) High-level language

(b) Assembly language

(c) Machine language

(d) Data definition language

77. Which one of the following is ***not*** a network topology ?

(a) Bus

(b) Star

(c) Mesh

(d) Peer-to-Peer

78. The result of binary addition of – 8 and – 2 in two's complement form is :

(a) 10110

(b) 0110

(c) 1110

(d) 0111

79. Which one of the following is ***not*** a pointing device ?

(a) Touchscreen

(b) Trackball

(c) Light pen

(d) Scanner

80. Which type of flip flops are used in registers ?

(a) D type

(b) SR

(c) T type

(d) JK

81. DBMS में क्रियाकलाप प्रबंधन (transaction management) में ACID गुणधर्म (properties) किसके लिए प्रयुक्त होता है ?

(a) एटॉमिसिटी, कॉनकरेंसी, आइसोलेशन, ड्यूरेबिलिटी

(b) ऑटोनॉमी, कन्सिस्टेंसी, आइसोलेशन, ड्यूरेबिलिटी

(c) एटॉमिसिटी, कन्सिस्टेंसी, आइसोलेशन, ड्यूरेबिलिटी

(d) एटॉमिसिटी, कन्सिस्टेंसी, इनफिडेलिटी, ड्यूरेबिलिटी

82. CISF के सदस्यों पर निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम लागू ***नहीं*** होता है ?

(a) दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961

(b) भारतीय दंड संहिता, 1860

(c) मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936

(d) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988

83. पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा CISF के किसी भर्ती किए बल-सदस्य को, जो अपने कर्तव्य का निर्वहन असावधानी से या उपेक्षापूर्वक करता है, निम्नलिखित में से कौन-सा दंड ***नहीं*** दिया जा सकेगा ?

(a) 30 दिन के वेतन के बराबर जुर्माना

(b) विशेष परिलब्धि से वंचित किया जाना

(c) प्रोन्नति रोकना

(d) परिनिंदा

84. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 8 के अधीन दिए गए किसी आदेश के विरुद्ध अपीली आदेश से व्यथित किसी भर्ती किए गए CISF सदस्य द्वारा पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत करने की विनिर्दिष्ट अवधि क्या है ?

(a) उसे आदेश संसूचित किए जाने की तारीख से एक मास की अवधि के भीतर

(b) उसे आदेश संसूचित किए जाने की तारीख से दो मास की अवधि के भीतर

(c) उसे आदेश संसूचित किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर

(d) उसे आदेश संसूचित किए जाने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर

85. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के अधीन भर्ती किए गए सभी बल-सदस्य कतिपय निर्बन्धनों (restrictions) के अध्यधीन हैं । उन पर निम्नलिखित में से कौन-सा लागू ***नहीं*** होता है ?

(a) किसी व्यवसाय संघ या श्रम संघ के साथ सहयोजित होना

(b) किसी राजनैतिक संगम का सदस्य होना

(c) किसी ऐसी सोसायटी का सदस्य होना जिसे बल के भाग के रूप में मान्यताप्राप्त नहीं है

(d) वैज्ञानिक प्रकार की कोई पुस्तक प्रकाशित करना

86. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 18 के अधीन कर्तव्य के किसी अतिक्रमण (violation) या किसी नियम या विनियम या किसी पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा दिए गए विधिपूर्ण आदेशों को जानबूझकर भंग करना या उनकी जानबूझकर उपेक्षा करना, जैसे अपराध किस प्रकृति के हैं ?

(a) संज्ञेय और जमानतीय

(b) असंज्ञेय और जमानतीय

(c) संज्ञेय और अजमानतीय

(d) असंज्ञेय और अजमानतीय

81. ACID properties in transaction management in DBMS stands for :

(a) Atomicity, Concurrency, Isolation, Durability

(b) Autonomy, Consistency, Isolation, Durability

(c) Atomicity, Consistency, Isolation, Durability

(d) Atomicity, Consistency, Infidelity, Durability

82. Which one of the following Acts shall ***not*** apply to the members of the CISF ?

(a) Dowry Prohibition Act, 1961

(b) Indian Penal Code, 1860

(c) Payment of Wages Act, 1936

(d) Prevention of Corruption Act, 1988

83. Which one of the following may ***not*** be awarded as punishment by the supervisory officer to any enrolled member of the CISF who discharges his duties in a careless or negligent manner ?

(a) Fine amounting to 30 days pay

(b) Deprivation of special emolument

(c) Withholding of promotion

(d) Censure

84. What is the prescribed duration for filing a revision petition by an enrolled member of the CISF aggrieved by an appellate order against an order made under Section 8 of the CISF Act, 1968 ?

(a) Within a period of one month from the date on which the order is communicated to him

(b) Within a period of two months from the date on which the order is communicated to him

(c) Within a period of three months from the date on which the order is communicated to him

(d) Within a period of six months from the date on which the order is communicated to him

85. All members enrolled with the force under CISF Act, 1968, are subject to certain restrictions. Which one of the following does ***not*** apply to them ?

(a) Associate with any trade union or labour union

(b) Be a member of any political association

(c) Be a member of any society that is not recognized as part of the force

(d) Publish a book of scientific character

86. What is the nature of offences such as violation of duty or wilful breach or neglect of any rule or regulations or lawful orders of a supervisory officer under Section 18 of the CISF Act, 1968 ?

(a) Cognizable and bailable

(b) Non-cognizable and bailable

(c) Cognizable and non-bailable

(d) Non-cognizable and non-bailable

87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'B' टाइप अग्नि को नियंत्रित करने के लिए $CO_2$ का प्रयोग करना चाहिए
2. 'B' टाइप अग्नि को नियंत्रित करने के लिए विशेष शुष्क रसायनों का प्रयोग किया जा सकता है
3. 'B' टाइप अग्नि को नियंत्रित करने के लिए फेन अग्निशामक कम प्रभावी होते हैं
4. पानी की भाप का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिए क्योंकि इससे 'B' टाइप अग्नि फैल सकती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही ***नहीं*** हैं ?

(a) केवल 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 और 4

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. वाहन-रोधी सुरंगें बिछाने के लिए संभावित स्थान कौन-से हैं ?

1. चट्टानी क्षेत्रों में
2. किसी नदी के किनारे चलने वाले पथ पर
3. सड़क पर, जहाँ पानी जमा हो गया है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

89. अनुरक्षकों के संघटन, समूहन और संख्या-बल का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है ?

1. अनुरक्षा किए जाने वाले सार्थ (कॉन्वॉय) की प्रकृति और आकार
2. मार्ग और भूभाग की प्रकृति, जिससे होकर गुजरना है

